19.08.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ कोटा–बूंदी में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनेगा–केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 हज़ार 507 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली दौरे पर–कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।

○ राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा–शहरी निकायों और पंचायतीराज चुनाव की तारीखों की जल्द घोषणा की जाएगी।

○ राजस्थान की मणिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया–2025 का खिताब जीता।

○ 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा कर प्रदेश की ऐतिहासिक उपलब्धि।

000

राजस्थान में 1 हजार 507 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कोटा–बूंदी में नया एयरपोर्ट बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिये गये फैसलों की मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार एक हजार एकड़ से अधिक ज़मीन निःशुल्क उपलब्ध करवाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि कोटा एक प्रमुख शैक्षिक और औद्योगिक केन्द्र है। इससे क्षेत्रीय सम्पर्क, आर्थिक विकास और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

..................

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने आठ हजार तीन सौ सात करोड़ रुपए से अधिक की लागत से ओडिशा में रिंग रोड़ के निर्माण की भी मंजूरी दी है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने संसद भवन पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। श्री शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और प्रल्हाद जोशी से भी भेंट की।

वहीं पाली सांसद पी.पी. चौधरी ने आज नई दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही पाली से दिल्ली के लिए सीधी रेलसेवा शुरू करने और क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर अति आवश्यक ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने सहित अन्य विषयों पर विचार–विमर्श किया।

उधर, जालौर–सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने आज गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर पत्र सौंपा। इसमें श्री चौधरी ने सुजलाम सुफलाम नहर को नर्मदा कैनाल से जोड़ने की मांग की है। इससे सिरोही और जालौर क्षेत्र को पीने का पानी और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

000

इंडिया गठबंधन की ओर से बी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री रेड्डी के नाम की घोषणा की। श्री खड़गे ने बताया कि गठबंधन के सभी दल इसे विचारधारा की लड़ाई मानते हुए उम्मीदवार उतारने पर सहमत हुए हैं। श्री रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर में बन रहे आयुष्मान टावर के कामकाज की प्रगति की आज समीक्षा की। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में हुई इस बैठक में श्री खींवसर ने अधिकारियों से इस परियोजना के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मीडिया से बातचीत में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि वे लगातार इस परियोजना की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का काम नए सिरे से गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।

000

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए राज्य सरकार के कामकाज की सराहना की है। श्री मकवाना ने आज जयपुर में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में ये बात कही। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान आयोग के सदस्य वड्डेपल्ली रामचंदर और लवकुश कुमार भी उनके साथ रहे। बैठक में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहे। कार्मिक विभाग के सचिव कृष्णकांत पाठक ने प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति वर्ग की बैकलॉग को जल्द भरने के प्रयास किये जाएंगे।

000

प्रदेश में शहरी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव की तारीखों की जल्द घोषणा की जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने आज जयपुर में मीडिया को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग को हाईकोर्ट के आदेश मिले हैं। दो-तीन दिन में ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

000

राजस्थान की मणिका विश्वकर्मा ने मिस युनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब जीत लिया है। जयपुर में हुए इस ब्युटी पेजेंट में देशभर से आई 48 फाइनलिस्ट के बीच मुकाबला हुआ। मूल रूप से श्रीगंगानगर की रहने वाली मणिका दिल्ली में पढ़ाई और मॉडलिंग करती हैं। मणिका अब थाइलैंड में इस साल के आखिर में होने वाली मिस युनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रेस वार्ता में मणिका ने कहा कि अपने देश का विश्व स्तर पर प्रतिनिधित्व करने को लेकर वे बहुत उत्साहित हैं।

000

'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेश में इस बार अब तक 10 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आज जयपुर में पोस्टर का विमोचन किया। वनमंत्री संजय शर्मा ने इस लक्ष्य की प्राप्ति पर मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बधाई दी और पौधा भी भेंट किया। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत पौधों की जिओ टेगिंग कर उचित सुरक्षा और देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पांच सालों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की है।

000

राज्य में इस महीने मॉनसून के कमज़ोर रहने से अधिकतर स्थानों पर गर्मी और उमस का असर बना हुआ है। कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया जा रहा है। वहीं बीकानेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। हालांकि पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान में बरसात का दौर जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में उमस और तपिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में उदयपुर और जोधपुर संभाग में गरज के साथ मध्यम बरसात के आसार जताये हैं। कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में भी हल्की बरसात का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार अगस्त के अंतिम सप्ताह

में मॉनसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। इससे राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है।

000

माउंट आबू में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवक हो रही है। बीते पांच दिनों में माउंट आबू पहुंचने वाले सैलानियों का आंकड़ा एक लाख से अधिक को पार कर गया। आकाशवाणी से बातचीत में पर्यटक संजय ने बताया कि खुशनुमा मौसम और हरी भरी वादियों को देखकर वे काफी उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

000

राजधानी जयपुर, दुनियाभर में एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यहां पुरानी और नयी स्थापत्य कला का संगम देखने को मिलता है। शहर की फाउंटेन स्क्वायर परियोजना ने इसकी सुंदरता को नये आयाम दिये हैं।

000

चूरू जिले के राजगढ़ में आज एक पिकटप के पलटने से 27 यात्री घायल हो गये। ये सभी यात्री लोक देवता गोगा जी के दर्शन कर वापस जा रहे थे कि राजगढ़–सिद्धमुख रोड़ पर हादसे का शिकार हो गये। घायलों को सादुलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

000